<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–01.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हजारीबाग से 79 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का करेंगे शुभारंभ, भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को भी करेंगे संबोधित।
- प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में कहा–झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर तीन अक्तूबर को जारी होगा भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र।
- राज्य सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें केन्द्र और राज्य को मिलकर फैक्ट फाइंडिंग कमिटी बनाने को कहा गया है।
- राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव से पूर्व किया आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों का तबादला, मंजूनाथ भजंत्री बनाये गये रांची के नये उपायुक्त।
- रांची में 14वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता शुरु, उदघाटन मैच में झारखंड ने एकतरफा मुकाबले में राजस्थान को शून्य के मुकाबले 21 गोल से हराया।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्तूबर को झारखंड में 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी हजारीबाग से ही झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को भी संबोधित करेंगे। जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित हजारीबाग दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**************

प्रधानमंत्री हज़ारीबाग से पूरे देश के लिए उनासी हजार करोड़ रुपये से अधिक के जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**************

प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को अंतिम रुप दे दिया है। श्री सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हजारीबाग दौरा समाप्त होने के दूसरे दिन यानी तीन अक्तूबर को भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण घोषणा पत्र भी इसी महीने जारी किया जायेगा।

**************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि राज्य में जल्द ही पांच हजार मॉडल स्कूल खोले जायेंगे। धनबाद के बलियापुर हवाई पट्टी मैदान में आयोजित झारखंड स्किल कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने 48 करोड़ रुपये की योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन किया। इसके अलावा 178 करोड़ रुपये की योजनाओं की उन्होंने आधारशिला भी रखी। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 20 हजार युवाओं को ऑनलाइन ऑफर लेटर भी दिये।

**************

राज्य सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें केन्द्र और राज्य को मिलकर फैक्ट फाइंडिंग कमिटी बनाने को कहा गया है। राज्य सरकार ने इस सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर आज हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।

**************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
**************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में अटल बिहारी वाजपेई आयुर्विज्ञान संस्थान डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन से महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला है।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत झारखंड में भी साफ–सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में सीसीएल जैसी कंपिनयां भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं।

**************

राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव से पूर्व आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री को रांची का नया उपायुक्त बनाया गया है।

**************

14वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता रांची में शुरु हो गयी है। इसका उदघाटन खेल निदेशक संदीप कुमार और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह समेत अन्य खेल पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से किया। उदघाटन मैच में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को एकतरफा मुकाबले में 21–0 के अंतर से पराजित कर दिया। झारखंड की स्वीटी डुंगडुंग को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस प्रतियोगिता में देश की 25 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल हजारीबाग आने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– पीएम मोदी हजारीबाग में कल शुरु करेंगे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान।
प्रभात खबर के शब्द हैं– पीएम कल आयेंगे हजारीबाग, तैयारी पूरी।
हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड में खुलेंगे पांच हजार मॉडल स्कूल।
दैनिक जागरण ने लिखा है– नहीं बढ़ेगी बिजली दर, मीटर के लिए किराया भी नहीं लगेगा।
रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– मुख्यमंत्री हेमंत ने 84 योजनाओं का उदघाटन व 133 योजनाओं का किया शिलान्यास।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी को पहले पन्ने पर स्थान दिया है, जिसमें भगवान को राजनीति से दूर रखने को कहा गया है।
****************